तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 22 दिसंबर 2024

12 गोदना परंपरा को आगे बढ़ाने जिला प्रशासन की अभिनव ...




13 शिविर में 211 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच व 93 का ...



बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

**खबर संक्षेप**




### आड़ावाल का परिवहन सुविधा केन्द्र निरस्त

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय से सटे आड़ावाल स्थित परिवहन सुविधा केन्द्र का आरटीओ ने निरीक्षण एवं शिकायत पर पंजीयन निरस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि लर्निंग लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को जिला परिवहन कार्यालय न आना पड़े और अपने आसपास ही यह काम हो जाए इसके लिए बस्तर जिले में आड़ावाल, जगदलपुर पॉवर हाऊस एवं बड़ांजी में परिवहन सुविधा केंद्र खोले गए हैं। इसमें से आड़ावाल स्थित परिवहन सुविधा केन्द्र में कर्मचारियों सूची, किस कार्य के लिए कितनी दर का डिसप्ले, पार्किंग की सुविधा नहीं थी। यह केन्द्र के लिए रमाकांत सेठिया का प्रमाण संलग्न किया गया पर दूसरा व्यक्ति चला रहा था। साथ ही केन्द्र द्वारा लर्निंग लाइसेंस का प्रतिदिन सुरक्षित दस्तावेज में जारी किए गए लर्निंग लायसेंस का स्टॉक पंजी में आवेदकवार विवरण एवं उपयोग नहीं किए गए। ऐसे कारणों से इसका पंजीयन निरस्त कर दिया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन सुविधा केन्द्रों का समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है। जिले में दो केन्द्र संचालित हो रहे हैं, नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### विश्व ध्यान दिवस पर आयोजित शिविरों में लोगों ने की साधना



**जगदलपुर।** विश्व ध्यान दिवस पर शनिवार को रोटरी क्लब, बस्तर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क ध्यान सत्र का आयोजन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह, टाउन हॉल में किया गया। ध्यान आर्ट ऑफ़ लिविंग के छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक समन्वयक मोहम्मद अमीन लीला के द्वारा कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से किया गया। रोटरी क्लब अध्यक्ष विवेक सोनी तथा बस्तर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वरिष्ट उपाध्यक्ष विमल बोथरा ने अध्यक्षीय एवं स्वागत भाषण दिया। श्री रविशंकर के आवाज़ में ध्यान कराया गया। ध्यान के बाद अमीन लीला को मोमेंटो दे कर सत्कार किया गया। सभी ने अपने अनुभव साझा किए कार्यक्रम में शहर के लगभग 200 लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के चेयरमैन विजय हेलीवाल तथा धन्यवाद दिनेश कागोत ने दिया। कार्यक्रम में गुजराती समाज, अग्रवाल समाज, आंध्र समाज, जैन समाज, बालाजी टेम्पल कमेटी, पंजाबी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# सच्चा खिलाड़ी वही जो अनुशासन के साथ खेल को खिलाड़ी भावना से खेले

## खेल खेलने से मनुष्य की शारीरिक व मानसिक क्षमता बढ़ती है : ईडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

खेल को जीत या हार की भावना से नहीं बल्कि खेल के नियमों का पालन करते हुए एकाग्रता एवं दूसरी टीम के प्रति सदभावना रखते हुए खेलना चाहिए। खेल में हार जीत तो लगी रहती है, सच्चा खिलाड़ी वही है जो खेल को खिलाड़ी भावना से खेले। खेल से स्वस्थ शरीर ही नहीं स्वच्छ मानसिकता का विकास होता है। उक्त बातें विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने शनिवार को स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड की ओर से शहर के गीदम रोड स्थित प्रशासनिक भवन परिसर के कल्याण केन्द्र के मैदान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में कही। ईडी ठाकुर ने कहा कि प्रतिस्पर्धा में शामिल खिलाड़ियों हमेशा प्रतिस्पर्धी खिलाड़ी से सीख मिलती है। खेल खेलने से मनुष्य का शारीरिक विकास व मानसिक विकास होता है और खिलाड़ियों को खेल हमेशा बिना किसी द्वेष भावना के खेलना चाहिए। हर आम व्यक्ति को अपने व्यस्त समय में से थोड़ा बहुत समय खेलों आदि में भी लगना चाहिए। एक खिलाड़ी गांव स्तर पर खेलकर राष्ट्रीय स्तर तक की ऊंचाइयों को छू सकता है जिससे माता-पिता का नाम तो रोशन होता ही है, वहीं अपने देश एवं प्रदेश का नाम भी चमकता है। समारोह में ईडी के साथ अधीक्षण अभियंता ▶▶ शेष पेज 12 पर

*अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए 9 टीम के खिलाड़ी*



### 7 टीमें बनी विजेता

अंतरक्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेश के 9 खिलाड़ियों की टीम पहुंची, जिसमें जगदलपुर क्षेत्र, कोरबा पश्चिम, राजनांदगांव क्षेत्र, मड़वा क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, कोरबा पूर्व, बिलासपुर क्षेत्र, दुर्ग क्षेत्र एवं रायपुर क्षेत्र के खिलाड़ी शामिल हैं। इसमें से पहले दिन जगदलपुर क्षेत्र, रायपुर सेंट्रल, कोरबा पश्चिम, बिलासपुर क्षेत्र, रायपुर क्षेत्र एवं कोरबा पूर्व की टीम विजेता बनी।

**विरोध :** विनिवेशीकरण,सुपर स्पेशयलिटी हॉस्पिटल और सीएसआर फंड को लेकर दिया धरना

# नगरनार स्टील प्लांट की वादा खिलाफी के विरोध में कांग्रेस ने किया जंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर/नगरनार

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व पूर्व विधायक रेखचंद जैन के नेतृत्व में शनिवार को नगरनार में एनएमडीसी प्लांट के सामने जमकर हल्ला बोला गया। एनएमडीसी के वादा खिलाफी के विरोध में जंगी प्रदर्शन करते धरना दिया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी सम्मलित हुए।

वक्ताओं ने कहा नगरनार स्टील प्लांट से सटे ग्राम कोपागुड़ा में एनएमडीसी द्वारा बनाए जाने वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को प्रदेश सरकार द्वारा निरस्त कर यहां के बेरोजगार युवाओं के साथ कुठाराघात करने का काम किया गया है। सीएसआर फण्ड का उपयोग रद्द होने से विकास कार्य को अवरुद्ध करने का काम किया गया। साथ ही प्लांट के विनिवेशीकरण के नाम पर निजीकरण के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर एनएमडीसी प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया। बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण कर जनता के हितों के खिलाफ साजिश किया गया। यह जनता की सम्पत्ति को पूंजीपतियों के हाथों सौंपने का एक प्रयास है। जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है। बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में 22 एकड़ जमीन खूंटपदर में आबंटित की गई थी जिस पर एनएमडीसी की ओर से प्रतिक्रिया आई थी कि हम अस्पताल नहीं बनाएंगे एनएमडीसी ने वादा किया था कि अस्पताल बनायेंगे किंतु भाजपा की सरकार उस प्रोजेक्ट पर ग्रहण लगा चुकी है। यह सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर नहीं है। मांग पूरी नहीं होने पर आगामी समय में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान अंगद प्रसाद त्रिपाठी, राजेश राय,कविता साहू,लता निषाद,अनीता पोयाम,विनयेन्द्र मैथ्यूज़,विजय सिंह, एम वेंकट राव, कौशल नागवंशी,रविशंकर तिवारी,जावेद खान,जलंधर नाग,संतोष सेठिया समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।




### भाजपा सरकार के खोखले दावे

नगरनार ब्लॉक अध्यक्ष लैखन बघेल ने कहा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का वादा किया गया था, किन्तु आज पर्यन्त तक इस अस्पताल का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। यह अस्पताल जनता के लिए अत्यंत आवश्यक है, किन्तु प्रबंधन की उदासीनता के कारण आज तक इसका निर्माण नहीं हो पाया।



### पूंजीपतियों को लाभ देने सीएसआर फंड का उपयोग

पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा सीएसआर फण्ड न मिलने से विकास कार्य ठप हो चुका है। इस राशि के अभाव में क्षेत्रीय विकास कार्य ठप पड़े हुए है जिससे जनता में आक्रोश है। सीएसआर फण्ड का उपयोग पूंजीपतियों के लाभ के लिए किया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को प्राथमिकता दी जा रही है यह क्षेत्रीय जनता के साथ अन्याय है।

# आईईडी ब्लास्ट में संलिप्त तीन माओवादी को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा







■ एक आरोपी पर था 1 लाख का इनाम

पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज, उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक गौरव राय , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, स्मृतिक राजनाला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के निर्देशानुसार एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कुआकोण्डा कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत 20 दिसम्बर को थाना अरनपुर क्षेत्र ग्राम नहाड़ी एवं मुलेर की ओर एरिया डोमिनेशन के लिए डीआरजी बस्तर फ़ाईटर्स, सीएएफ नहाड़ी तथा थाना अरनपुर का बल रवाना हुआ। ग्राम नहाड़ी से आगे मुलेर जाने वाली मार्ग पर माओवादियों द्वारा सुरक्षा बलों को नुक़सान पहुंचाने की नीयत से आईईडी विस्फोट किया गया। विस्फोट पश्चात सुरक्षा बलों द्वारा आसपास सर्चिंग करने पर 3 संदिग्ध व्यक्ति भागने व छिपने लगे, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पाण्डू मुचाकी पिता जोगा मुचाकी 20 वर्ष निवासी पोर्रोहिड़मा थाना जगरगुण्डा, जिला सुकमा ककाड़ी पंचायत सीएनएम सदस्य, कोवासी देवा पिता स्व. हिड़मा कोवासी उम्र लगभग 35 वर्ष जाति मुरिया निवासी उपमपल्ली थाना पोलमपल्ली जिला सुकमा उपमपल्ली पंचायत डीएकेएमएस अध्यक्ष 1 लाख ईनामी एवं जोगा कवासी पिता स्व. दूला कवासी उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी सामसेट्टी बोण्डूमपारा थाना केरलापाल जिला सुकमा उपमपल्ली पंचायत डीएकेएमएस उपाध्यक्ष के पद पर कार्य करना एवं ग्राम मुलेर जाने वाली पगडंडी मार्ग पर लगभग 3 किग्रा का 1 नग कमाण्ड आईईडी व 1 नग लगभग ▶▶ शेष पेज 12 पर

# नगरनार मण्डल में महेन्द्र और भानपुरी में प्रवीण बने अध्यक्ष

















हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला बस्तर के 13 मण्डलों में 12 मण्डल के नये अध्यक्षों के नाम की घोषणा की गयी। एक मात्र पूर्वी जगदलपुर मण्डल के अध्यक्ष की घोषणा होना शेष है। जगदलपुर नगर मण्डल को विभाजित कर दो नये मण्डल का गठन किया गया है। जिसमें पश्चिमी जगदलपुर मण्डल के अध्यक्ष का दायित्व प्रकाश झा को सौंपा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की अनुमति एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम उसेण्डी की अनुशंसा व भाजपा जिला अध्यक्ष रुप सिंह मण्डावी के निर्देश पर मण्डल चुनाव अधिकारियों ने मण्डलों में जाकर कार्यकर्ताओं के मध्य नये मण्डल अध्यक्षों के नाम की घोषणा की। जिसमें भानपुरी ▶▶ शेष पेज 12 पर

# मालगांव के योग सत्र में लोगों ने किया ध्यान

**जगदलपुर।** विकास खंड बकावड़ के ग्राम मालगांव में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर योग- ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। श्रीमाता सहज योग केंद्र के योग साधकों ने प्रायमरी शाला मालगांव परिसर में योग सत्र लगाया गया। इस अवसर पर योग साधक दुर्गेश खेवार, कन्हैया साहू , घनश्याम उपाध्याय, सीमांचल पटनायक, भरत जगम, किशोर जोशी एवं चित्रेखा खेवार ने ध्यान करने से दैनिक जीवन में होने वाले फायदे के बारे में बताया और सहज योग का ध्यान क्रिया करवाया। इस दौरान प्रधान अध्यापक टीपी पांडेय, अनिता शर्मा, नीलमणी साहू, मनोज सूर्यवंशी, निमाई चरण साहू, कमल लोचन, सरोज जोशी, मंगलदेई सहित स्कूली बच्चे सम्मिलित हुए।



1 पुरूष एवं 1 महिला नक्सली पर 2-2 लाख तथा 1 पर 1 लाख का इनाम घोषित

# सुकमा में महिला समेत पांच इनामी नक्सली गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा



नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत शनिवार को सुकमा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चिंतागुफा थाना क्षेत्र से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने एक महिला समेत 5 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। इन नक्सलियों पर 5 लाख का इनाम है। सभी नक्सल आरोपियों से पूछताछ में थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 1 ग्रामीण की हत्या पुलिस मुखबिरी के शक में करने की घटना में संलिप्तता रहना पाया गया। आरोपियों को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

पुलिस अफसरों ने बताया कि नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शनिवार चिंतागुफा थाना से डीआरजी, जिला बल एवं कैम्प दुलेड़ से 2री वाहिनी सीआरपीएफ व 203 कोबरा वाहिनी की संयुक्त पार्टी ग्राम दुलेड़ व आसपास क्षेत्र की ओर रवाना हुए थे। इस दौरान ग्राम दुलेड़ जंगल के पास कुछ संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को अपने ओर आते हुए देख कर भागने लगे, जिन्हें पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये संदिग्ध व्यक्तियों की पूछताछ करने पर कई नक्सली घटनाओं में शामिल होने की बात सामने आई। नक्सलियों की पहचान 2 लाख के इनामी कोंटा एरिया कमेटी पार्टी सदस्य व पिड़मेल आरपीसी जनताना सरकार स्कूल का शिक्षक मुचाकी हुंगा, 2 लाख की कोंट एरिया कमेटी पार्टी सदस्य व पिड़मेल आरपीसी केएएमएस अध्यक्षा कवासी गंगी, एक लाख के मेटागुड़ा आरपीसी डीएकेएमएस अध्यक्ष माडवी हिंगा, पोडियाम देवा और नक्सल सप्लायार मुकेश पोडियाम के रूप में हुई।

**23 से 30 दिसम्बर तक शहर में धार्मिक आयोजन**

# श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ कल, बहेगी भक्तिधारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



वैदेही दासी विनी किशोरी के मुखारवृन्द से 23 से 30 दिसम्बर तक शहरवासियों को श्रीमद भागवत कथा का भक्ति ज्ञानयज्ञ श्रवण करने का अवसर प्राप्त होगा। पिछले 16 वर्ष से राधारमण समिति के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है। राजारुद्र प्रताप टाउन हॉल प्रांगण में शनिवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी समाज सेवी व सिंधी समाज के जिलाध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने दी।

समिति की प्रमुख सरिता यादव ने कहा हर वर्ष समिति श्रीमद भागवत कथा एक अलग संकल्प और उद्देश्य को लेकर करती आ रही है। इस वर्ष लोकमाता अहिल्याबाई के त्रिशताब्दी जयंती को समर्पित है। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर फोकस कर श्रद्धालुओं को जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के जरिये नारीशक्ति को सशक्त करने पर केंद्रित रहेगा। 25 दिसम्बर को श्रद्धालुओं को तुलसी पौधा वितरित किया जाएगा। कथा वाचिका के द्वारा 23 दिसम्बर को गणेश पूजन के साथ श्रीमद भागवत कथा का श्री गणेश होगा। 24 को विदुर चरित्र, प्रहलाद चरित्र, सृष्टि वर्णन व ध्रुव चरित्र का वाचन , 25 को भरत चरित्र व नरसिंह अवतार, 26 को गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार,श्री राम कथा, श्री कृष्ण जन्मोत्सव व श्री नंद महोत्सव की प्रस्तुति, 27 को श्री कृष्ण बाललीला व श्री गोर्वधन पूजा, 28 को रुक्मणी विवाह व शिशुपाल वध,29 को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष और 30 को सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक हवन,भजन एवं भंडारा का आयोजन कर कथा सम्पन्न होगा। सरिता ने कहा आचार्य राम रजनीश बाजपेई के मार्दर्शन में श्रीमद भागवत कथा का धार्मिक आयोजन चलता रहेगा। प्रेसवार्ता में ज्योति दास, निर्मला तिवारी, हेमलता ठाकुर, हेमा ठाकुर,दयाराम उमर वैश्य,लता कपूर, पल्लवी यादव,शिव कुमारी यादव,अन्य मातृ शक्ति उपस्थित थी।

### युवा भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचे

समाज सेवी डॉ निहारिका मोदी ने अंचल के युवाओ से आव्हान करते कहा की श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर हम अपने सनातनी धार्मिक पहलुओं को समीप से जानें। खासकर सुदामा चरित्र का श्रवण कर वास्तविक मित्रता दिवस का पालन करें।

### राधा रमन भागवत समिति की सराहनीय पहल

वरिष्ठ नागरिक राम नरेश पांडे ने कहा राधा रमन भागवत समिति शहर में पिछले 16 वर्षों से भागवत कथा का धार्मिक आयोजन कर रही है। जो श्रद्धालुओं के लिए श्रेष्ठ अवसर है। हर सनातनी को कथा का श्रवण करना चाहिए।

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

खबर संक्षेप

## चुनाव में भागीदारी कम होने से पिछड़ा वर्ग बिफरा

फरसगांव। छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग पिछड़ा वर्ग समाज कोंडागांव जिला के फरसगांव रेस्ट हाउस प्रांगण में शनिवार को आपातकालीन बैठक की गई। सर्व पिछड़ा वर्ग बस्तर संभाग प्रवक्ता देवलाल सोनवंशी मीडिया से चर्चा करते हुए बताया छत्तीसगढ़ सर्व पिछड़ा वर्ग निर्णय लिया गया है आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जिसमें ग्राम पंचायत नगर पंचायत नगर निगम नगर पालिका एवं जिला पंचायत चुनाव संपन्न होना है, उसमें बस्तर संभाग के पिछड़ा वर्ग समाज को नगण्य भागीदारी मिल चुकी है जिससे पिछड़ा वर्ग समाज अचंभित है। हमारी प्रमुख एजेंडा यह है पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के अनुपात त्रिस्तरीय पंचायत में बस्तर संभाग के चुनाव में पिछड़ा वर्ग के नाम से आरक्षित सीट एवं पूर्व से लंबित मांग 27% आरक्षण राज्यपाल से लटका हुआ बिल तत्काल बहाल किया जाए। इसी उद्देश्य से शनिवार को बस्तर संभाग, कांकेर, जगदलपुर कोडागांव जिला की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में क्रमबद्ध आंदोलन करने का लिया गया। प्रथम चरण में 23 दिसंबर को बस्तर संभाग के सभी जिला मुख्यालय में हमने शासन प्रशासन को ज्ञापन देकर अपनी मांग का करेंगे यदि मांग पूरा नहीं होने पर पूरे संभाग में 30 दिसंबर को पूरे जिला मुख्यालय में चक्का जाम का आयोजन किया गया जाएगा। इस कार्यक्रम में संभाग के उपाध्यक्ष फूलचंद दीवान, बिरज साहू, दिलीप दीवान, रितेश पटेल, लोकनाथ निषाद, चंदन साहू, संतोष साहू, नीलकंठ शार्दुल, जिला साहू संघ के अध्यक्ष राजेश साहू, कलार समाज के अध्यक्ष बालकुमार प्रधान, रामदेव कौशिक पटेल, मोतीलाल राठौर, सभी सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में मौजूद थे।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव आज

कोण्डागांव। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का सुबह 10.00 बजे से शासकीय गुण्डाधुर महाविद्यालय, कोण्डागांव में किया जाएगा। जिला युवा उत्सव में सामूहिक लोकनृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोकनृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता पाठ विधा का आयोजन होगा, इसके अलावा हस्तशिल्प एवं हथकरघा तथा कृषि उत्पाद का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें विकासखण्ड स्तरीय आयोजन के विजेता कलाकार भाग लेंगे। जिला स्तरीय आयोजन के विजेताओं को राज्य स्तर पर राष्ट्रीय युवा उत्सव जिसका आयोजन 12 जनवरी को प्रतिवर्ष होता है, में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

## लाइवलीहुड महाविद्यालय में महिंद्रा कंपनी लैब लगाएगी



कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत से आज जिला कार्यालय में महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा सौजन्य भेंट किया गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों के लाइवलीहुड महाविद्यालयों में ट्रैक्टर मैकेनिक प्रशिक्षण के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण लैब स्थापित करने के लिए राज्य परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज से अनुबंध स्थापित किया गया है। इसी तारतम्य में कोंडागांव जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में लैब स्थापित करने के लिए कलेक्टर से महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के राष्ट्रीय प्रतिनिधि प्रफुल्ल पांडे द्वारा विस्तृत चर्चा कर प्रशिक्षण के लिएरूपरेखा तैयार की गई। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त लैब के स्थापना से अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस दौरान सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण पवन कुमार नेताम भी उपस्थित रहे।

# सुशासन की प्रथम वर्षगांठ में आयोजित सम्मेलन में श्रमिकों का किया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार निर्माण श्रमिकों का पंजीयन, नवीनीकरण, योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रें में श्रमिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत 60 प्रकार प्रवर्ग श्रमिकों को अधिसूचित किया गया है। इसी प्रकार छ. ग. असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल के अन्तर्गत कुल 58 प्रकार के प्रवर्ग कर्मकारों को अधिसूचित किया गया है। जिला कोण्डागांव में अब तक कुल 59 हजार 596 श्रमिकों व कर्मकारों का पंजीयन किया गया है। श्रम विभाग कोण्डागांव द्वारा 09 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक कुल 16 विभिन्न स्थानों पर श्रमिक सम्मेलन एवं शिविर लगाकर कुल 509 श्रमिकों का पंजीयन किया गया है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार कुल 118 नक्सल पीड़ित परिवार को मण्डल के अन्तर्गत पंजीयन किया गया है। नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को श्रमिक पंजीयन करने के पश्चात 90 दिवस के बाद मण्डल के अन्तर्गत संचालित मूलभूत योजनाओं से श्रमिक एवं उनके परिवार सदस्यों को लाभान्वित किया जाएगा।

### जिले में अब तक 60 हजार श्रमिकों का किया पंजीयन



### श्रमिकों के बच्चों के लिए निः शुल्क कोचिंग सहायता योजना

उक्त अधिसूचित प्रवर्ग श्रमिकों एवं नक्सल पीड़ित परिवार के सदस्यों को उनके निवास क्षेत्र में पंजीयन शिविर लगाकर पंजीयन एवं योजनाओं की जानकारी दिया गया। इसमें प्रमुख योजनाएं जैसे मिनीमाता महतारी जतन योजना, नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबु मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निः शुल्क कोचिंग सहायता योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना इत्यादि प्रमुख योजनाएं संचालित हैं। छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा उक्त मण्डल के अन्तर्गत श्रमिकों एवं उनके परिवार सदस्यों को जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजनाएं संचालित कर श्रमिकों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर को संरक्षण एवं सुरक्षित करने का कार्य कर रही हैं।

### योजना : गोदना परंपरा को जीवंत बनाने रोजगार से जोड़ना नई बात

# गोदना परंपरा को आगे बढ़ाने जिला प्रशासन की अभिनव पहल, युवकों को टैटू प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ एक जनजातीय बाहुल्य राज्य है जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं के लिए जानी जाती है। यहां की जनजातीय समाज में गोदना प्रथा का विशेष महत्व है। यह प्रथा न केवल उनकी सांस्कृतिक पहचान है बल्कि उनके सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का अभिन्न हिस्सा भी है। छत्तीसगढ़ की इस परंपरा को सहेजने और उसे नए आयाम देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में गोदना कला को प्रोत्साहित करने और इसे रोजगार का साधन बनाने के उद्देश्य से युवाओं को आधुनिक टैटू प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

जिला प्रशासन द्वारा कौशल उन्नयन कार्यक्रम के अंतर्गत प्री–मैट्रिक छात्रवास, गांधी वार्ड में 1 दिसंबर से पारंपरिक गोदना प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को बस्तर की पारंपरिक गोदना कलाकृतियों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें आधुनिक टैटू मशीनों के उपयोग और सुरक्षा तकनीकों के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनजातीय समाज की महिलाएं सहित कुल 10 प्रशिक्षार्थी शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने न केवल तकनीकी ज्ञान अर्जित किया बल्कि टैटू बनाकर आय भी अर्जित की। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लोगों में गायत्री मरकाम, भारती मरकाम, राधा उइके, सीमा मरकाम, यामिनी सोनवानी, देविका उइके, रोहित मरकाम, अक्षय कोड़ोपी, नविता देवांगन, और नमन विश्वकर्मा शामिल हैं। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके डोंगरीगुड़ा कोण्डागांव के युवा नमन विश्वकर्मा ने बताया कि वे सामान्य परिवार से हैं और आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है। उनके पिता भागीराम विश्वकर्मा बेलमेटल का कार्य करते हैं जो परिवार का आय का एकमात्र जरिया है। साथ ही उन्हें ऑर्डर मिलने पर ही आय प्राप्त होती है। नमन ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित कौशल उन्नयन कार्यक्रम में आधुनिक टैटू गोदना बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इससे उन्हें रोजगार के नए अवसर मिला है, जिससे उन्हें अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को भी सु–ढ़ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षकों द्वारा टैटू बनाने के सभी बारीकियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और सभी आवश्यक किट भी प्रदाय की गई। प्रशिक्षण के दौरान ही उन्होंने लगभग 30 हजार की आय प्राप्त कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कोंडागांव जिले के लिए यह आर्ट नया है और इस क्षेत्र रोजगार के संभावनाएं हैं। जिसका लाभ प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा। नमन ने जिला प्रशासन की इस अनूठी पहल के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया।




### यामिनी को मिला रोजगार का माध्यम

कोंडागांव के बाजारपारा की निवासी यामिनी सोनवानी ने भी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त की है और कंप्यूटर कोर्स किया है। यामिनी को गोदना प्रशिक्षण के बारे में अखबार के माध्यम से जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने कलेक्टर कार्यालय जाकर फॉर्म भरा। यामिनी ने बताया "शुरुआत में मुझे गोदना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी और मेरी खास रुचि भी नहीं थी। लेकिन प्रशिक्षण के तीसरे दिन मेरी दिलचस्पी बढ़ी। प्रशिक्षकों ने टैटू बनाने की बारीकियों को विस्तार से समझाया। प्रशासन की ओर से हमें टैटू किट भी प्रदान की गई। जिसमें सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन की इस पहल ने न केवल पारंपरिक गोदना कला को नया आयाम दिया है, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए इस कला को एक रोजगार का माध्यम भी बनाया है। परंपरा और आधुनिकता के संगम से एक नए रूप में गोदना कला को न केवल जनजातीय समाज के सांस्कृतिक धरोहर सहेजी जा सकती है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा किए जा सकते हैं।

# मसोरा टोल नाका टैक्स में छूट की मांग पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को मसोरा टोल नाका का घेराव कर स्थानीय निवासियों के लिए टोल टैक्स में छूट की मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने टोल संचालकों और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने बताया कि टोल टैक्स नियमों के अनुसार, अच्छी सड़क पर यात्र करने के लिए 60 किलोमीटर की दूरी तय करने पर टैक्स देना होता है। लेकिन कोंडागांव के स्थानीय निवासियों को केवल 4 किलोमीटर की यात्र के लिए 60 किलोमीटर की दूरी का टैक्स देना पड़ रहा है, जो सरासर अन्याय और अवैध वसूली है। उन्होंने मांग की कि कोंडागांव के निवासियों को स्थानीय पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड या सीजी 27 वाहन नंबर के आधार पर छूट दी जानी चाहिए। पूर्व में कलेक्टर से भी इस मामले पर चर्चा की गई थी लेकिन प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलने के कारण यह प्रदर्शन आयोजित किया गया। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो इसे लेकर बडा जन आंदोलन किया जाएगा।

### छूट नहीं मिली तो जन आंदोलन की चेतावनी

कांग्रेस नेताओं ने साफ कहा कि स्थानीय जनता के अधिकारों की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। यदि प्रशासन ने टोल टैक्स छूट की मांग पूरी नहीं की, तो इसे लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

### प्रदर्शन में शामिल प्रमुख नेता और कार्यकर्ता

जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान के नेतृत्व में प्रदर्शन में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम, उपाध्यक्ष भगवती पटेल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा यादव, और अन्य प्रमुख नेता शामिल रहे। प्रदर्शन में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया और स्थानीय जनता के समर्थन में आवाज उठाई। कांग्रेस की इस पहल को लेकर स्थानीय लोगों में उम्मीद है कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा।

# छग सरकार की प्रथम वर्षगांठ पर जनचौपाल और पौधारोपण करके योजनाओं की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कोंडागांव वन मंडल ने 9 से 20 दिसंबर 2024 के मध्य विभिन्न वन प्रबंधन समितियों के सहयोग से जन चौपाल और वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया। इस आयोजनों में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी लोगों को दिया गया। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग शासन के योजनाओं से लाभान्वित हो सकें। यह आयोजन मर्दापाल, बोटीकनेरा, उमरगांव, बोथा, चांगेर, सोनाबाल, गोलावण्ड, बम्हनी, कोपाबेड़ा, गुलभा और काकड़गांव सहित अन्य क्षेत्रें में किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किसानों के बाड़ियों में फलदार पौधे लगाए गए। वन प्रबंधन समिति की नर्सरियों में उपलब्ध पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके।जनचौपाल में विभिन्न योजनाओं की जानकारी – जन चौपाल में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की गई। तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति मानक बोरा भुगतान राशि को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 5 हजार पांच सौ किया गया है। यह निर्णय संग्राहकों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा और संग्राहकों की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।



### वन्यप्राणी क्षति मुआवजा में बढ़ोतरी

वन्यप्राणी से मृत्यु पर 6 लाख रुपये, स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये, घायल होने पर 59 हजार एक सौ रुपये, पशु हानि पर 30 हजार रुपये और फसल हानि पर 9 हजार रुपये प्रति एकड़ के मान से मुआवजा राशि दी जाती है। शासन द्वारा कोदो, कुटकी, रागी, लाख, शहद और अन्य लघु वनोपज उत्पादों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है। जिससे लघु वनोपज संग्राहकों की आय में वृद्धि हो और उनके जीवन स्तर में सुधार आये। न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृध्दि से संग्राहकों की आय को स्थिर करेगा। अधिक आय मिलने से संग्राहक अपने परिवार की शिक्षा, स्वास्थ्य, और अन्य आवश्यकताओं पर खर्च कर सकेंगे। जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होगा। बेहतर मूल्य मिलने से संग्राहकों में लघु वनोपज उत्पादन और संग्रहण के प्रति रुचि बढ़ेगी। इससे इन उत्पादों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।




## मक्का प्रोसेसिंग प्लांट व किसानों के मुद्दे पर जनता कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे ने जिले की समस्याओं को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पार्टी ने मक्का प्रोसेसिंग प्लांट और किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा। पार्टी के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद ने आरोप लगाया कि केशकाल विधायक की उदासीनता के चलते जिले के मतदाताओं को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द चालू करने की मांग की है। साथ ही, सरकार पर धान खरीदी में किसानों का शोषण करने का आरोप लगाया और धान की खरीदी दर बढ़ाने और भुगतान एकमुश्त देने की मांग रखी। ज्ञापन में जिले में सब्जी मंडी और कोल्ड स्टोरेज बनाने, इंजीनियरिंग, लॉ, मेडिकल और एग्रीकल्चर कॉलेजों की स्थापना, रेल लाइन निर्माण, और सुपर स्पेशलिटी अस्पताल खोलने जैसी मांगें भी शामिल की गईं। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष टंकेश्वर भारद्वाज, प्रदेश संगठन मंत्री सौरभ झा, संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद, संभाग महामंत्री भारत कौशिक, कोंडागांव जिला अध्यक्ष शंकर नेताम समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने सरकार पर किसानों और युवाओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर उनकी मांगे नहीं मानी गईं, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। जनता कांग्रेस ने इस आंदोलन को किसानों और गरीबों के हक की लड़ाई करार दिया है।

# समूह की महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की समन्वय बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत लखपति दीदी पहल के माध्यम से स्व सहायता समूह की महिलाओं के आजीविका गतिविधियों के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार और जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई के मार्गदर्शन में आज विभागों की समन्वय बैठक संपन्न हुई। यह बैठक हर तिमाही में आयोजित होती है। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा समूह की महिलाओं को दिए गए शासकीय योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी दी गई और समूह सभी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने और आत्मनिर्भर बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री भोई ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का लाभ दिलाकर महिलाओं की आय में वृद्धि करते हुए उन्हें लखपति दीदी बनाना है, ताकि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने लखपति दीदीयों से कहा कि वे और महिलाओं को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित करें।




### लखपति दीदियों ने साझा किए अपने अनुभव

कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखण्ड से 10 लखपति दीदी भी शामिल हुईं। ये महिलाएं समुह से जुड़ने के बाद मिली सहायता राशि, विभिन्न योजनाओं से आजीविका गतिविधियों से सालाना लगभग 01 लाख या उससे अधिक की आय प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने इस दौरान बिहान से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आए बदलाव और लखपति दीदी बनने तक की कहानी साझा करते हुए बताया कि उनका परिवार आज आर्थिक रूप से सशक्त होकर पहले से बेहतर जीवकोपार्जन कर रही हैं। बैठक में कृषि विभाग, कौशल विकास विभाग, उद्यानिकी विभाग, उद्योग विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने–अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। इस अवसर पर डीएमएम विनय सिंह सहित बिहान के बीपीएम और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कृषक संगोष्ठी में पंप बांटे व किसानों का किया सम्मान

केशकाल। कोंडागांव जिले के विकासखंड मुख्यालय बड़ेराजपुर में कृषक संगोष्ठी का आयोजन 21 दिसम्बर शनिवार को आयोजित किया गया था जिसमें सर्व प्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सेवक नेताम विशिष्ट अतिथि गीतेश पांडे केशव सिंह ठाकुर कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत बड़े राजपुर पतीराम मरकाम बडेराजपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनाराम मरकाम की उपस्थिति में कृषि संगोष्ठी कार्यक्रम बडेराजपुर के तत्वाधान में कृषि वाटर सेड बडेराजपुर के द्वारा मोनो ब्लॉक पंप का किसानों को वितरण किया गया जिसमें लगभग 890 किसानों को सम्मान किया गया और साथ ही साथ 11 से शाम 5:00 बजे तक कार्यक्रम का भव्य आनंद लिए जिसमें वाटर शेड के प्रोजेक्ट अधिकारी सी. एस.कश्यप मौजूदगी में हुआ समूह विकास अधिकारी मनमोहन पैकरा व सचिव पुनीत लाल नेताम की विशेष सहयोग रही कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।






## कलेक्टर ने बंधा तालाब का किया निरीक्षण

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बंधा तालाब का निरीक्षण कर पुनर्विकास और मरम्मत कार्य के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान गार्डन में बच्चों और बुजुगोंर् के लिए सुविधाओं का विकास और तालाब के किनारे सौंदर्यीकरण और विद्युतीकरण के लिए स्वी—त कायोंर् को पूरी गुणवत्ता के साथ करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कोण्डागांव स्थित कुल 01 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से बंधा तालाब का पुनर्विकास किया जाएगा, जिसके लिए कार्य प्रारंभ हो गया है। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई एवं नगर पालिका सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### रैली निकाली, जोड़ा जैतखाम की पूजा-अर्चना की

# आंबेडकर वार्ड में गुरु घासीदास की 268वीं जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सतनामी समाज डॉ. अंबेडकर वार्ड कोडागांव के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 दिसंबर 2024 को सतनाम धर्म के प्रवर्तक मनखे मनखे एक बरोबर के संदेश देने वाले विश्व वंदनीय प्रातः स्मरणीय परम पूज्य गुरु घासीदास बाबा की 268 वी जयंती कार्यक्रम सतनामी समाज के तत्वाधान में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्माननीय प्रेम सिंह नाग महासचिव सर्व अनुसूचित जाति वर्ग जिला कोंडागांव एवं विशिष्ट अतिथि जसकेतु उसेंडी उपाध्यक्ष नगर पालिका, कार्यक्रम की अध्यक्षता लखमुराम टंडन 100 गवा संयोजक सतनामी समाज ने की विशेष अतिथि के तौर पर आरके जैन जिला अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज, डीडी मौर्य उपसंचालक जिला पंचायत, एमडी बघेल संरक्षक सर्व अनुसूचित जाति वर्ग, धंसराज टंडन संभागीय अध्यक्ष सतनामी समाज, सीएल मेश्राम जिला अध्यक्ष बौद्ध समाज, अमृत मरकाम उपाध्यक्ष एसटी, एससी, ओबीसी, प्रदीप साहू अध्यक्ष नगर साहू समाज, शंकर विश्वकर्मा सदस्य लोह शिल्प बोर्ड, गणेश कोसले अध्यक्ष, सुरेंद्र बंजारे पूर्व अध्यक्ष ,गुरुचरण मारकंडे समाज प्रमुख शामिल हुए।

इस अवसर पर डा राजेश बघेल, सतोष पात्रे, विष्णु बैध, बन्टी बेर, प्रेम डहरिया, संदीप गायकवाड, लखराज टंडन, नरेंद्र मारकंडे, दीपक मारकंडे, रामराज कोसले, खग्गू बंजारे, सदीप कुर्रे, ललित नाग, प्रकाश बघेल, गगाराम, शिवप्रसाद, पचराम टंडन, गजेन्द्र मारकन्डे सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।




### घासीदास बाबा का जयकारा लगता रहा

गुरु पर्व कार्यक्रम में अतिथियों एवं समाज के द्वारा परम पूज्य घासीदास बाबा की गद्दी स्थल में पूजा अर्चना के बाद रैली के माध्यम से जोड़ा जैतखाम में पहुंच कर सामूहिक आरती पूजा अर्चना कर सफेद ध्वज को जोड़ा जैतखाम में सात फेरा लगाकर पालो को लिफ्ट के माध्यम से जोड़ा जैतखाम में सादा झंडा चढ़ाया गया। इस अवसर पर परम पूज्य घासीदास बाबा का जयकारा लगता रहा। तत्पश्चात अतिथियों को मंच में स्वागत अभिनंदन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम सिंह नाग एवं विशिष्ट तिथि व कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सभी अतिथियों ने बारी बारी से गुरु घासीदास की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की बात कही इसी के साथ सभी अतिथियों ने उपस्थित महिलाए बच्चों एवं संत समाज को परम पूज्य घासीदास बाबा जी की जयंती पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पेज 11 के शेष

#### सच्चा खिलाड़ी वही...

एसएस पांडव, कार्यपालन अभियंता दिलीप कुमार सैनी, सलीम खान, सहायक अभियंता टीएस उईके, नंदलाल कॉशी आदि शामिल रहे।

#### आईईडी ब्लास्ट ...

3 किग्रा का प्रेशर आईईडी लगाना बताया। पकड़े गये नक्सली पाण्डू मुचाकी के थैला में 1 पावर बैटरी, कोवासी देवा के कब्जे से थैला में बम फटाखा 4, इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर 3 वायर लगा हुआ और जोगा कवासी के कब्जे से 1 लोहे का सब्बल बरामद किया गया है। उक्त घटना पर थाना अरनपुर में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है। 21 दिसम्बर को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर रिमांड लिया गया है।

#### नगरनार मण्डल...

मण्डल में प्रवीण सांखला, नगरनार महेन्द्र सेठिया, बस्तर सुखदेव मण्डावी, लोहण्डीगुड़ा मंगतू कश्यप, तोकापाल सोमारू कश्यप, नानगूर हरिराम मण्डावी, दरभा देवी प्रसाद बेंजाम, बास्तानार सुनील कुरामी ,करपावण्ड तरूण पाण्डेय, बकावण्ड पीताम्बर कश्यप और सरगीपाल मण्डल में पुरूषोत्तम जोशी नये अध्यक्ष मनोनीत हुये हैं। रूपसिंह मण्डावी ने सभी नव निर्वाचित मण्डल अध्यक्षों से संगठन को सशक्त बनाने कर्मठता से दायित्व का निर्वहन करने को कहा है। मण्डलों में बतौर चुनाव अधिकारी बैदूराम कश्यप, विद्याशरण तिवारी,योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, आनंद मोहन मिश्रा, मनीराम कश्यप, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, नरसिंह राव, तरूण चोपड़ा, बलदेव मण्डावी पहुंचे थे।

#### विश्व ध्यान दिवस ...

समाज, सिख समाज, सिंधी समाज के प्रतिनिधियों का सम्मान एवं स्वागत किया गया। पुलिस बल-सीआरपीएफ के जवान भी इस सत्र का लाभ लेने उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## खेलकूद, वाद-विवाद और क्वीज स्पर्धा हुई



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा राज्य सरकार के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एकलव्य आर्दश आवासीय विद्यालय छिंदावाड़ा एवं गढ़िया में खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा सहित जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऐसी गतिविधियां अकादमिक पाठ्यक्रम के साथ वर्तमान परिवेश में एक आदर्श व्यक्तित्व के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सामाजिक कौशल, बौद्धिक कौशल, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमताओं का विकास है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने हेतु छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समस्त आश्रम-छात्रावास, प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में खेलकूद वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज स्पर्धा और जनजातीय वीरों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं सहित उनके पालक भी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

## नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**बीजापुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव के मंशानुरुप नशे के लत से युवा पीढ़ी को मुक्त करने और समाज के मुख्य धारा में जुड़कर, परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रत्येक जिले में नशामुक्ति पुनर्वास केन्द्र का स्थापना किए जाने के निर्देश पर बीजापुर जिले में कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल , डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तंबोली, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग कमलेश कुमार पटेल एवं सस्था के संचालक अभिषेक चंदेल सहित वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित थे। कलेक्टर संबित मिश्रा ने नशे के दुष्परिणाम से अवगत कराते हुए कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से हमेशा दूर रहने के लिए प्रेरित कर अपने आस-पास एवं परिचितों को नशे के दुष्परिणाम के प्रति जागरुक करने की समझाईस दी।

### माता-बहनें महतारी वंदन योजना से हुए लाभान्वित

# शिविर में 211 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच व 93 का नेत्र परीक्षण किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जगदलपुर विकासखंड के मांझीगुड़ा में सुशासन का एक साल खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़ पर आधारित विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा मितानिन सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य धरमूराम मण्डावी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने एक साल में गांव, गरीब और किसानों के हितों के लिए अनेक कार्य किया है। राज्य सरकार की यह पहल सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुई है। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की जनहितकारी योजनाओं से लाभान्वित होकर विकास में सहभागिता निभाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में जिला स्तरीय रामलल्ला दर्शन योजना समिति के सदस्य रामाश्रय सिंह और जनपद पंचायत सदस्य सुब्रतो विश्वास ने राज्य सरकार के एक वर्ष की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने वादे पूरे किया है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित कर सशक्त बना रही है। वहीं गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना,रामलल्ला दर्शन योजनांतर्गत भगवान राम के दर्शन करने का लाभ, किसानों को कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित कर रही है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के लिए निरन्तर सकारात्मक प्रयास कर विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर इन योजनाओं से लाभान्वित होने का आग्रह किया। वहीं विष्णु की पाती का वाचन कर ग्रामीणों को अवगत कराया गया। इस मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 211 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उपचार किया गया तथा 93 ग्रामीणों का नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही 7 ग्रामीणों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से बीपी, शुगर, सिकलसेल की जांच की गई। स्त्रीरोग, शिशुरोग, मातृत्व शिशु स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण, चर्मरोग, अस्थि रोग, चर्मरोग, मनोरोग, आयुष्मान वयवंदन कार्ड निर्माण तथा आयुष्मान भारत पंजीयन, गैर संचारी रोग अंतर्गत ओरल कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, तंबाकू एवं नशामुक्ति, वयोवृद्ध जांच उपचार कर आवश्यक सलाह दी गई। वहीं निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान के तहत क्षय रोग के बारे में परामर्श दी गई।

कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सुपोषण पर आधारित स्थानीय साग-सब्जी तथा पौष्टिक आहार एवं व्यंजन का प्रदर्शन किया गया। आरंभ में माध्यमिक शाला मांझीगुड़ा की छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वहीं एनआरएलएम की महिला समूह की दीदियों ने रंगोली के जरिए सुशासन का एक साल खुशहाल हुआ छत्तीसगढ़ को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी, मैदानी अधिकारी-कर्मचारी, महिला समूह के महिलाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया गणित दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय गणित दिवस को गणित मेला के रूप में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना अनुसार मनाया गया। रामानुजन के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना करके कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिशु भारतीय प्रमुख तेजेश्वर नेताम ने किया।

गणित प्रमुख आचार्य कुमारी श्वेता तिवारी, वैदिक गणित प्रमुख जैन सिंह यादव ने गणित के महत्व को बताते हुए वैदिक गणित त्रिकोणमिति शून्य का आविष्कार इत्यादि विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। कक्षा अरुण से दशम तक सभी भैया बहनों ने गिनती, उल्टी गिनती, पहाड़ा, पहेली सूत्र, वैदिक गणित के प्रयोग किए जाने वाले शब्द एकाधिकेन न्यूनेन, पुणेन, परम मित्र इत्यादि को भैया बहनों के समक्ष बताया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के एक ग्राम में हुआ।

कम उम्र में गणित के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का इन्होंने सारे संसार को लोहा मनवाया गणित जैसे विषय पर आपके द्वारा तीन से चार हजार सूत्र प्रस्तुत किया। आपका नाम देश में महान गणितज्ञ के रूप में जाना गया ब्राह्मण परिवार में आपका जन्म हुआ पिता एक छोटे से कपड़े का व्यवसाय किया करते थे गरीबी स्थिति के कारण ट्यूशन पढ़ाकर अपने परिवार का भरण पोषण किया। कम उम्र में जानकी से इनका विवाह हुआ 33 वर्ष की आयु में टीबी की बीमारी होने के कारण 16 अप्रैल 1920 को आपका स्वर्गवास हो गया। लेकिन गणित के प्रति अपनी लगन के कारण वे अमर हो गये।

## अवैध धान पकड़ने बाजारों में पहुंच रही मंडी की टीम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में अवैध धान का परिवहन रोकने के लिए टीम गठित की गई है। सीमावर्ती राज्यों से मंडी के प्रवेश में अवैध धान से जुड़े वाहनों की जांच की जा रही है, सीमावर्ती राज्य में धनपूंजी, कोंटा, भोपालपटम के पास बेरियर में टीम तैनात किया गया है। इसके अलावा मंडी की टीमें क्षेत्र की साप्ताहिक बाजारों में पहुंच कर धान की तलाशी कर रही हैं। साथ ही सातों जिले के जगदलपुर, कोंडागांव, केशकाल, कांकेर, चारामा, संबलपुर, पखांजुर, गीदम, कोंटा, नारायणपुर एवं बीजापुर कृषि उपज मंडी क्षेत्र में जिला प्रशासन के निर्देश पर धान खरीदी के लिए अवैध धान का परिवहन रोकने की टीम में मंडी, खाद्य, राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी शामिल है। कृषि उपज मंडी के निरीक्षक साप्ताहिक बाजार पहुंच कर उपज की जांच की जा रही है। मंडी का लायसेंस नहीं होने पर मंडी के नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मंडी ने अब तक लगभग 11 से अधिक अवैध धान के प्रकरण दर्ज किए हैं।

### अवैध धान लाना प्रतिबंधित

राज्य कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक केएल मंडावी ने निर्देश दिया कि मंडी क्षेत्र में अन्य प्रांतो, अंतर जिला से अवैध धान लाना प्रतिबंधित है।

## छिंदबहार में हुए क्विज रंगोली तथा अन्य प्रतियोगिताएं

**दरभा।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार विकास खण्ड दरभा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में छत्तीसगढ़ सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर दिए गए निर्देशानुसार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें व्याख्याता राजेश गुप्ता द्वारा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना जिसके अंतर्गत विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए मिलती है के बारे में तथा अन्य योजनाओं को विस्तार से बताया गया। व्याख्याता बुधराम कश्यप ने बताया कि शासन द्वारा किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान लेने तथा एक क्विंटल धान 3100 सौ रुपए में खरीदे जाने की जानकर देते हुए शासन की अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं को बताते हुए योजनाओं से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया।



## बटालियन ने छिन्दनार में रक्त जांच शिविर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



195वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा गीदम ब्लॉक के ग्राम छिन्दनार में रक्त जाँच शिविर एवं मिडिया एक्शन प्लान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला दंतेवाडा के ग्राम- छिन्दनार, पहुरनार, चेरपाल, छोटेकरका, बडेक़रका, तुमरीगुण्डा, पदमेटा एवं मुस्तलनार के काफी संख्या में पुरुष महिलाए एवं बच्चे सम्मिलित हुए। 195 बटालियन की व जिला चिकित्सा टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जाँच कर आवश्यक रक्त के नमुने लिए व जरूरत की दवाई का वितरण किया गया व जिन ग्रामीणों का रक्त का नमुना लिया गया। उनको जाँच रिपोर्ट व आवश्यक दवाईयाँ रिपोर्ट आने पर उनके घर पहुँचाने के लिए ग्रामीणों को आश्वस्त किया।

चिकित्सा जाँच के लिए आस-पास के ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। और साथ ही मिडिया एक्शन प्लान 2024 के तहत 195 बटालियन व कृषि विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों का जैविक खेती, पशुपालन, जल संरक्षण, मिलेट (मोटा अनाज) कृषि, शिक्षा एवं वन बचाओं के बारे में जानकारी दिया और इनसे होने वाले फायदे के बारे में कृषि विभाग की टीम ने बताया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार कमांडेन्ट-195 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य, जैविक खेती तथा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानो के कार्य के प्रति सराहना की। 195 बटालियन के विक्रांत वर्मा द्वितीय कमान अधिकारी, हिमांशु सहा कमा. संध्या शुक्ला सरपंच ग्राम पंचायत छिन्दनार, आरएस नेताम एसडीओ कृषि विभाग गीदम, डा रूपेष कुमार ठाकुर बारसूर, के साथ बटालियन के कई जवान भी उपस्थित थे।

## संयुक्त संचालक ने अर्धवार्षिक परीक्षा का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग जगदलपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर जगदलपुर के निर्देशन पर विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं का सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी शालाओं में छात्रवृत्ति,जाति



प्रमाण पत्र व आधार आईडी की प्रगति की समीक्षा भी अधिकारी द्वारा की गई। सर्वप्रथम संकुल सोनारपाल के प्राथमिक माध्यमिक शाला पहुंचकर चल रही अर्ध्दवार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया गया। संस्था में अध्ययनरत सभी विद्यार्थी शतप्रतिशत उपस्थित पाए गए। इसके बाद संकुल बोडनपाल 2 के प्राथमिक शाला खूंटगुड़ा का निरीक्षण किया गया। यहां किचन शेड अति जर्जर अवस्था मे पाया गया। जिसे मरम्मत की नितांत आवश्यकता है। दर्ज संख्या के मान से टीचर की संख्या ज्यादा पाई गई। अपने अगले भृमण के दौरान मुण्डागांव संकुल अंतर्गत प्राथमिक शाला सिरहापारा मुण्डागांव का अवलोकन किया गया। यहाँ मध्यान्ह भोजन में आवश्यक पोषक तत्वों, उपस्थिति भी आशा के अनुरूप नही पाई गई। इसके बाद लगातार निरीक्षण के क्रम में प्राथमिक माध्यमिक1 शाला घोटिया का भी अवलोकन किया गया।

## एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक कॉलेज में हुआ विश्व ध्यान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावंगा स्थित पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विश्व ध्यान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला आयोजित की गई। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा संचालनालय नई दिल्ली के दिशानिर्देशों के तहत इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। गौरतलब हैं कि 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस आयोजित किया जाता है इसी अवसर पर आर्ट ऑफ़ लिविंग से पधारे गिरिधर गोस्वामी



एवं श्रीमती पूनम कश्यप द्वारा यह कार्यशाला आयोजित की गई । कार्यक्रम के शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मुकेश ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को बताया की ध्यान अनंत से जुड़ने का साधन है तथा प्रत्येक व्यक्ति की ध्यान अवश्य करना चाहिए । वक्ता के रूप में उपस्थित श्री गोस्वामी ने छात्र छात्राओं को शरीर मन एवं आत्मा का परिचय दिया। श्रीमती कश्यप ने विद्यार्थियों को चेयर योगा कराया। सहज योग की इस प्रक्रिया में सभी ने उत्सुकतावश अच्छा अनुभव किया। इसके पश्चात श्री गोस्वामी ने सभी को प्राणायाम एवं ध्यान कराया।





## विकास खंड स्तरीय युवा महोत्सव संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन सभी विकासखंडों में किया गया। सुकमा में खेल महोत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल पावारास में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष सुकमा कलमू आयती, शिक्षा समिति के सभापति डमरू राम नाग एवं पार्षद भुवनेश्वरी यादव के द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न विधाओं सामूहिक लोकगीत एकल गीत, सामूहिक नृत्य, चित्रकला, कहानी, कविता, टेक्सटाइल, भाषण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे के द्वारा प्रमाण पत्रप्रदान कर सम्मानित किया गया।






**खबर संक्षेप**

### आरटीओ कार्यालय में हुई साफ-सफाई



**जगदलपुर।** आयुक्त के निर्देश पर शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाकर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई किया गया। जिसमें आरटीओ सहित कार्यालय के कर्मचारी शामिल रहे। उसके बाद आरटीओ डीसी बंजारे ने एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया।

### नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक कर जागरूक किया गया



**जगदलपुर।** शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक द्वारा तितिरगाँव में आयोजित 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत छात्राओं ने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों और छात्राओं को नशे की लत के दुष्प्रभाव और इससे बचाव के तरीकों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं ने स्कूलों में गणित, हिंदी विषयों का अध्यापन भी किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मोबाइल मेडिकल यूनिट बुलवाकर ग्रामीणों और छात्राओं की स्वास्थ्य जांच करवाई और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण किया गया। डॉ. सविता देवांगन ने सिकल सेल, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर और एनीमिया बीमारियों पर जानकारी दी। इतिहासकार शरद गौड़ ने कौशल विकास पर, डॉ. नमिता अगरकर ने जीवनशैली पर, और प्राचार्य एस. के. त्रिवेदी ने व्यक्तित्व विकास पर व्याख्यान दिए।

### अतिरिक्त अर्जित अवकाश का मिलेगा लाभ

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने एक पत्र जारी किया है जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य व आहरण वितरण अधिकारी को कहा है कि लोकसभा आम निर्वाचन ग्रीष्मावकाश अवधि के समय मुख्यालय ना छोड़ने के कारण अतिरिक्त अर्जित अवकाश की सेवा पुस्तिका में प्रविष्टि संबंधी आदेश है। उक्त संबंध में निर्देशित किया गया है कि संबंधित शिक्षकों-कर्मचारियों के लिये छग सिविल सेवाएं (अवकाश) नियम 2010 के नियम 25,26 एवं 27 का नियमानुसार पालन करते हुए, अतिरिक्त अर्जित अवकाश की गणना करते हुए सेवा पुस्तिका में इंद्राज कर पालन प्रतिवेदन से इस कार्यालय को अवगत कराया जाए। इस सबंध में कर्मचारी नेता गजेन्द्र श्रीवास्व और राजेश गुप्ता ने पहल करते जिला शिक्षा अधिकारी से कर्मचारी हित में निर्णय लेने कहा था।

## धुर नक्सल क्षेत्र में बस्तर पुलिस ने किया सिविक एक्शन कार्यक्रम

# चांदामेटा में बॉलीबाल, कुर्सी दौड़ रस्सा खींच, हंडी फोड़ स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



शुक्रवार को दरभा क्षेत्र का अंतिम छोर जो अतिसवेंदनशील क्षेत्र माना जाता है। चांदामेटा को वहां बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा पहुँच कर सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया।

बस्तर एसपी शलभ कुमार सिंन्हा के साथ सीआरपीएफ 80बटालियन के द्वितीय कमाडेंट पुरषोत्तम कुमार के गरिमामय उपस्थिति में अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चांदामेटा ग्राम मे सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के तहत बॉलीबाल, कुर्सी दौड़, रस्सा खींच, हंडी फोड़, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वंही स्थानीय ग्रामीणों के लिए दैनिक उपयोग की सामग्री कंबल, साडी, टीशर्ट, मच्छरदानी, बच्चों के लिए कॉपी, पेन, कपास, केरमबोर्ड, क्रिकेट किट, बॉलीबाल किट, व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री वितरण किया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर कार्यक्रम स्थल मे उपस्थित होकर खेल स्पर्धाओ मे भाग लिया। क्षेत्र की जनता ने बस्तर एसपी को अपने पास पाकर अपनी समस्याओ से अवगत कराया और उनके प्रति विश्वास और उत्साह दिखाया। बस्तर एसपी ने ग्रामीणों से बातचीत कर उनके समस्याओ को सुना एवं संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने हेतुआस्वासन दिया गया।

इस कार्यक्रम मे प्रशिक्षु आईपीएस गगन कुमार, उप पुलिस अधीक्षक संगम राम असिस्टेंट कमाडेंट प्रवीण कुमार रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया थाना दरभा प्रभारी चाणक्य नाग, चौकी प्रभारी पखनार राजेश कुमार राठौर उपनिरीक्षक ललित सिंह नेगी, एवं दरभा स्टाप व ग्राम चांदामेटा एवं कोलेंग के सरपंच गायता, पटेल, कोटवार, गांव के अन्य सम्मानीय नागरिक उपस्थित थे, एवं कार्यक्रम के अंत मे बस्तर एसपी सहित समस्त पुलिस अधिकारियो ने क्षेत्र के ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया।

## कमिश्नर ने पुरातत्व संग्रहालय का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने शनिवार को स्थानीय सिरहासार भवन के समीप स्थित जिला पुरातत्व संग्रहालय का तन्मयता के साथ अवलोकन कर बस्तर अंचल के विभिन्न पुरातात्विक महत्व के मंदिरों और मूर्तियों के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली। साथ ही बस्तर के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में विस्तार पूर्वक पूछा। इस दौरान उन्होंने बस्तर को पुरातात्विक दृष्टिकोण से समृद्ध निरुपित करते हुए इसे बस्तर को बूझने एवं जानने-समझने के लिए आवश्यक बताया। वहीं इसके अवलोकन हेतु अधिकाधिक लोगों को अवगत कराए जाने पर जोर देते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने कहा। कमिश्नर ने जिला पुरातत्व संग्रहालय में स्वीकृत मानव संसाधन और आवश्यक व्यवस्थाओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने संग्रहालय भवन के रिनोवेशन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए।

## निर्मल विद्यालय में क्रिसमस के पूर्व बिखरी सांस्कृतिक छटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



निर्मल विद्यालय में शनिवार को क्रिसमस पर्व एवं नववर्ष के आगमन का भव्य स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इसमें केजी के बच्चों ने यीशु के जन्म से लेकर उनके जीवन के विभिन्न पहलूओं को जीवंत चित्रण को मनमोहक रुप में दशार्या।

गीत स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाले ग्रुप द्वारा मधुर करोल गीत के बाद बच्चों के द्वारा प्रस्तुत नाटक का चित्रण एवं समाज में प्रभु यीशु का संदेश एकता, भाईचारा, आपसी प्रेम एवं शांति का प्रतीक के रुप में दशार्या गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को देखकर शिक्षक एवं अन्य छात्र-छात्राएं मंत्रमुग्ध हो गए। स्कूल के प्राचार्य फादर बीजू एलेक्स ने कहा कि क्रिसमस एक पवित्र एवं प्रेम का त्योहार है। यह हमें समाज में आपसी प्रेम, विश्व शांति एवं शिक्षा का अलख जगाने हेतु प्रयास करने एवं बिना किसी भेदभाव के समाज में प्रत्येक वर्ग को हर्षोल्लास के साथ नव वर्ष का स्वागत का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि समाज के सभी वर्ग का कल्याण हो एवं प्रत्येक व्यक्ति रोगमुक्त, चिंतामुक्त एवं आर्थिक एवं सामाजिक संपन्नता प्राप्त करें।

एनएमडीसी स्टील द्वारा एक सप्ताह का वीजीलेंस दिवस मनाया गया था। जिसमें निर्मल के बच्चों ने हिन्दी निबंध लेखन एवं चित्रकला स्पर्धा में हिस्सा लिया था। सभी बच्चों को एनएमडीसी से आए अधिकारियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। अन्त में सांताक्लास के प्रतिरुप ने बच्चों को आशीष प्रदान किया।

## निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें: कलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने शुक्रवार की शाम को सभी निर्माण विभाग के द्वारा जिले की जा रही विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा किए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, साथ ही प्रगतिरत कार्यों को जनवरी माह तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो निविदाकार कार्य को समय पर पूर्ण नहीं कर पा रहे हैं उनको हटाकर अन्य निविदाकार से कार्य को शीघ्र पूर्ण करने की सुनिश्चित करें। साथ ही जो ठेकेदार कार्य को प्राथमिकता से गति नहीं दे रहे है उनकों ब्लैक लिस्ट करने के निर्देश दिए। समीक्षा में लोक निर्माण विभाग के क्रमांक 1-2 के विभागीय भवन, विभागीय मद के सड़क, जमा मद के कार्य और जिला निर्माण समिति के कार्य, लोक निर्माण विभाग के ई एंड एम, जल संसाधन, जिला निर्माण समिति के कार्यो विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# आर्थिक विकास के लिए ग्रामीणों को मिलेगा दुधारू पशु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बस्तर संभाग के कमिश्नर एवं कलेक्टर्स की बैठक में नियद नेल्लानार योजना क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित ईलाके के ग्रामीणों को राशन कार्ड प्रदाय, आधार कार्ड प्रदाय, जन-धन खाता सहित आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करने हेतु सेचुरेशन मोड पर कार्य करने कहा। उन्होंने बस्तर अंचल के जनजातीय परिवारों के आर्थिक स्तर में सुधार की दिशा में सकारात्मक पहल करने पर बल देते हुए राज्य शासन और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के मध्य हुए एमओयू के आधार पर बस्तर संभाग के सभी जिलों में शहरी क्षेत्र के समीपस्थ तथा बड़े कस्बों के आसपास कलस्टर बनाकर जनजातीय परिवारों को दुधारू पशु प्रदाय किए जाने हेतु कार्ययोजना जल्द तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बस्तर संभाग के अंतर्गत सभी जिलों में जनजातीय परिवारों को दुधारू पशु प्रदान करने के लिए सुविधाजनक ईलाके में कलस्टर चयनित कर मिल्क रुट तैयार किए जाने कहा। साथ ही सम्बन्धित परिवारों का दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति गठित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्ययोजना के अनुरूप प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पशुपालन, आदिवासी विकास एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाने कहा। मुख्य सचिव ने नियद नेल्लानार योजना गांवों में निर्बाध इंटरनेट सेवा की उपलब्धता हेतु मोबाईल टॉवर की स्थापना को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड पंजीयन सहित राशन कार्ड प्रदाय एवं जन धन खाता खोलने के लिए शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल किया जा सके। उन्होंने उक्त योजना में शामिल बस्तर संभाग के कांकेर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर और सुकमा जिले के गांवों में लोगों को उनकी आवश्यकतानुसार सभी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने निर्देशित किया कि योजना क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, शिक्षा, खाद्यान्न, पोषण आहार, पेयजल की सुलभता सुनिश्चित किया जाए। साथ ही चयनित योजनाओं से पात्र सभी ग्रामीणों को सेचुरेटेड किया जाए। मुख्य सचिव ने इस योजनांतर्गत क्षेत्रों के चिन्हित कैम्पों के लिए पालक अधिकारी नियुक्त करने सहित मॉनिटरिंग का दायित्व सौंपे जाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को भी नियमित तौर पर भ्रमण कर योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन हेतु सार्थक प्रयास किए जाने कहा। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार सहित राज्य शासन के वरिष्ठ उच्चाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर बस्तर डोमनसिंह, डिप्टी कमिश्नर बीएस सिदार सहित स्वास्थ्य, पशुपालन, आदिवासी विकास, खाद्य इत्यादि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# सेजेस अलनार में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल हुए छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के सुशासन एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश में सुशासन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के लोहंडीगुड़ा ब्लॉक के अलनार स्थित सेजेस में विभिन्न रचनात्मक और ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता, सुशासन पर पेंटिंग और पोस्टर प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, पोस्टकार्ड लेखन, मेंहदी सजाओ स्पर्धा और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और शासन की जनहितकारी नीतियों को समझने का अवसर प्राप्त किया। इसके साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया गया। उक्त आयोजन का उद्देश्य आम जनता तक शासन की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें सेवाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

स्कूल के प्रधानाचार्य ने बताया कि सुशासन पखवाड़ा के तहत आयोजित ये कार्यक्रम न केवल छात्र-छात्राओं में रचनात्मकता और जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं, बल्कि जनता को भी जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## परिवार नियोजन में 33 पुरुषों ने कराया नसबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बास्तानार ब्लॉक के अंदरूनी क्षेत्र के पुरुषों ने दिखाई परिवार नियोजन में पुरुष नसबंदी करा कर अपना अहम योगदान। इस ब्लॉक के अलग-अलग क्षेत्र के 33 पुरुषों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल में 2 दिवस में नसबंदी कराई है। पहला दिन 20 लोग और दूसरे दिन 13 लोगों ने पुरुष नसबंदी करा कर परिवार नियोजन में अपना भागीदारी निभाई है। सभी की सफल ऑपरेशन के बाद सर्जन सह खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसएस टेकाम ने नसबंदी के बारे में परामर्श देते हुए उनके फायदे के बारे में बताए। कार्यक्रम को सफल संचालन में सहयोगी डॉ. प्रदीप बघेल वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम अर्जुन नेताम, काउंसलर शांति कश्यप, घनलाल देहारी, आरएचओ डमरूधर ठाकुर, हितेंद्र भोयर, लोकेश मौर्य, नीलुराम पोयाम, शिलमणि नाग, सुपरवाइजर हलधर नाग, जयंती मौर्य स्टाफ नर्स, पुरषोती राणा ओटी अटेंडर, लखमू राम नाग, बुधनी मौर्य, रमशिला ठाकुर एवं समस्त मैदानी कर्मचारी का सहयोग रहा।

# भेनेश व मरियम को श्रद्धांजलि दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा शोक सभा में राजस्व निरीक्षक भेनेश श्रीवास्तव तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रज्जी वर्गीस की माता पीटी मरियम के असामयिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में संभाग प्रभारी कैलाश चौहान, संभाग अध्यक्ष गजेंद्र श्रीवास्तव, जिला संयोजक आरडी तिवारी, सहसंयोजक अजय श्रीवास्तव, तृतीय वर्ग के संभाग अध्यक्ष अतुल शुक्ला, संजय चौहान,सुभाष पांडे,अनिल गुप्ता,आरपी मिश्रा, मनोज महापात्र, मनोज कुमार, मोतीलाल वर्मा, देवदास कश्यप, राजेंद्र पांडे, जीएल यादव, प्रदीप महापात्र, आशा दान, भावना दीक्षित व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# युवाओं को साउंड सिस्टम प्रदान कर किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार



नकुलनार में सोसायटी कालोनी के युवाओं को पत्रकार पंकज सिंह भदौरिया ने अपनी माता की प्रथम पुण्यतिथि पर स्मरण चिन्ह स्वरूप साउंड सिस्टम प्रदान किया। पंकज सिंह की पिता स्व. बृजेन्द्र सिंह भदौरिया व माता स्व.श्रीमती कांति देवी भदौरिया की स्मृति में साउंड सिस्टम को युवाओं की समिति को धार्मिक और सामाजिक कार्यो में उपयोग हेतु दिया गया है।

इस स्मृति चिन्ह को प्रदान करने से पूर्व स्व.कान्तिदेवी के छायाचित्र में शंकर सिंह भदौरिया, पुत्र पंकज सिंह भदौरिया, दिलीप सिंह भदौरिया, मन्नू सिंह चौहान,अश्विनी भदौरिया ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर आशीर्वाद भी लिया। इस अवसर पर पंकज सिंह ने कहा कि माता-पिता हर पुत्र की छत की तरह होते हैं। जो हमेशा आपके जीवन मे बढ़ने की कामना करते हैं। हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए।

इस कार्यक्रम के पश्चात साउंड सिस्टम में माँ-पिता से जुड़ा हुआ एक गीत ये तो सच है की दुनिया मे भगवान है धरती पर माँ पिता ही उस विधाता की पहचान है बजाया गया। इसके पश्चात मिष्ठान बांटी गयी। इस अवसर पर युवा समिति के तरफ से नागेश मिश्रा, अमित भदौरिया, रंजीत भदौरिया और कुंदरू सविता एवमं उनके सहयोगी सूर्यप्रकाश यादव, भोलूप्रसाद, दीपक सविता, अभय, अर्जुन, बऊअन, राजीव, बेटू, अक्षय, दर्शन, चिराग, अभी, आरव, श्रेयांश, देव,शिवा, काव्यांश,

## नगरीय निकायों के वार्डों का हुआ आरक्षण

**बीजापुर।** नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के लिए छत्तीसगढ़ नगरपालिका ;अनुसूचित जातिए अनुसूचित जनजातिए पिछड़ा वर्ग एवं महिलाद्ध नियम 1994 के प्रावधानों के तहत विहित प्राधिकारी एवं कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों और आम नागरिकों की उपस्थिति में नगरीय निकायों के वार्डों का आरक्षण किया गया। आरक्षण की कार्रवाई हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल ने कलेक्ट्रेट के इन्द्रावती सभा कक्ष में नगरपालिका परिषद बीजापुर के आरक्षण के संबंध में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं से अवगत कराया। नोडल अधिकारी जागेश्वर कौशल वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मानते हुए जनसंख्या के अवरोही क्रम में बीजापुर नगरपालिका के 15 वार्डों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला वर्ग के लिए आरक्षण की कार्रवाई सम्पन्न कराया।

